01-08-2020

* सिद्दी समुदाय

* चर्चा में ~~क~~ क्यों ?
* सिद्दी समुदाय का परिचय
* अन्य तथ्य

* चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में सिद्दी समुदाय की शांताराम बुदना सिद्दी को कर्नाटक राज्य की विधान परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।
- अफ्रीकी मूल के ~~पिछड़े~~ पिछड़े सिद्दी समुदाय को कर्नाटक विधानमण्डल में अपना पहला प्रतिनिधि मिला है।
- सिद्दी समुदाय के पहले रुनातक शांताराम, पिछले तीन दशकों से राज्य में आदिवासी समुदायों के बीच काम कर रहे हैं।
- कर्नाटक में सिद्दी समुदाय की जनसंख्या लगभग 50 हजार है

* सिद्दी समुदाय का परिचय →

- सिद्दी समुदाय के लोग पूर्वी अफ्रीका के ~~ब~~ बंटू लोगों के वंशज है।
- सिद्दी समुदाय के ज्यादातर लोग भारतीय राज्यों जैसे कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात के छोटे-छोटे गाँवो और ~~हैदराबाद~~ शहर ~~क~~ में निवास करते है।
- सिद्दी समुदाय की बड़ी आबादी पाकिस्तान में भी निवास ~~क~~ करती है।
- सिद्दी समुदाय के लोग अफ्रीकी सैनिक और दास (गुलाम) के रूप में भारत आये थे।

- इन्हें मूल रूप से हब्शी के रूप में जाना जाता था।
- एबिसिनिया, इथियोपिया का पूर्व नाम था।
- शाही रैंक के माध्यम से सिद्दी सैनिक सईद की उपाधि शीर्षक से समानित किये जाते हैं।
- सिद्दी समुदाय के पूर्वजों को बड़े पैमाने पर 7 वीं शताब्दी की शुरुआत में अरबों द्वारा गुलामों के रूप में भारत लाया गया था।
- जो सैनिक के रूप में आये, वे मध्यकालीन डक्कन के विभिन्न राज्यों में सैन्य प्रमुख हो गये थे।
- इन्हें पुर्तगालियों और अंग्रेजों द्वारा भी गुलामों के रूप में भारत लाया गया।
- इनमे से कई गुलामों को 18 वीं शताब्दी में मुक्त कर दिया गया था।
- जिसके परिणामस्वरूप सिद्दी जंगलों में रहने चले गये।
- सिद्दी कर्नाटक के ऊपर कन्नड़ जिले में निवास करते है, मुख्य रूप से ये येलापुर और हलियाल के घने जंगलों में रहते हैं।
- बाकी सिद्दी धारवाड़ और बेलगावी से सटे जिलों में रहते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सिद्दी समुदाय को कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- यह समुदाय नस्लीय भेदभाव के कारण ऐतिहासिक रूप से मुख्यधारा के समाज का हिस्सा नहीं रहा है।

- अपनी कम संख्या के कारण सिद्दी कभी भी एक राजनीतिक प्रतिनिधि को सीधे निर्वाचित करने में ~~असफल~~ कामयाब नहीं हुये।

* <u>अन्य तथ्य</u> →

- भारत में ज्यादातर सिद्दी समुदाय के लोग सूफी मुसलमान है जो संभवत: मुगलों से प्रभावित है।
- मुस्लिम सिद्दी समुदाय के पूर्वज मुगलों के दरबार में सेवा करते थे।
- लेकिन कर्नाटक में सिद्दी मुख्य रूप से कैथोलिक है।
- जिन पर संभवत: उनके पूर्वजों के पुर्तगाली और गोवा के मालिकों का प्रभाव है।

अभ्यास प्रश्न

प्र. "सिद्दी समुदाय" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -

(1) हाल ही में सिद्दी समुदाय के शांताराम बुदना सिद्दी को कर्नाटक राज्य की विधान परिषद के सदस्य के रूप में ~~मनोनित~~ मनोनीत किया गया है।

(2) सिद्दी समुदाय के लोग पश्चिमी अफ्रीका के बंटू लोगों के वंशज है।

उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

<u>उत्तर</u> (A) केवल 1